आकाशवाणी केन्द्र शिमला
03.01.2026 / प्रादेशिक समाचार / 11:00बजे

प्रधानमंत्री पिपरहवा

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अब से कुछ देर बाद नई दिल्ली में भगवान बुद्ध से संबंधित पवित्र पिपरहवा अवशेषों की भव्य अंतर्राष्ट्रीय प्रदर्शनी का शुभारंभ करेंगे। प्रधानमंत्री कार्यालय ने एक बयान में कहा है कि पिपरहवा अवशेषों का वर्ष 1898 में पता चला था और प्रारम्भिक पुरातात्तविक सर्वेक्षण में इसका महत्वपूर्ण स्थान है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि यह दिन इतिहास, संस्कृति और भगवान बुद्ध के आदर्शों के प्रति प्रेम रखने वालों के लिए विशेष है।

श्रद्धांजलि

इस बीच प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज महान समाज सुधारक सावित्री बाई फुले की जयंती पर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। सोशल मीडिया पोस्ट में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा कि उनका जीवन सेवा और शिक्षा के माध्यम से समाज के परिवर्तन के लिए समर्पित था। उन्होंने कहा कि सावित्रीबाई फुले समानता, न्याय और करुणा के सिद्धांतों के प्रति समर्पित थीं। उन्होंने यह भी कहा कि सावित्रीबाई फुले का मानना था कि शिक्षा सामाजिक परिवर्तन का सबसे सशक्त साधन है।

हिमफैस्ट

उद्योग विभाग द्वारा आज से शिमला में 3 दिवसीय हिम एमएसएमई फेस्ट–2026 का आयोजन किया जाएगा। उद्योग मंत्री हर्षवर्धन चौहान ने कहा है कि मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू 5 जनवरी तक चलने वाले इस हिम एमएसएमई फेस्ट का शुभारंभ करेंगे। उन्होंने बताया कि फेस्ट में फैक्ट्री आउटलेटस और प्रदर्शनी स्टॉलों के माध्यम से प्रदेश के उत्पाद प्रदर्शित किए जाएंगे। इस बीच मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कहा है कि ये आयोजन प्रदेश सरकार के आत्मनिर्भर हिमाचल के संकल्प को साकार करते हुए नवाचार, उद्यमिता और समावेशी विकास को बढ़ावा देगा। साथ ही छोटे उद्यमियों, कारीगरों और स्टॉर्टटप के सपनों को साकार करने में भी मील का पत्थर साबित होगा।

*एमएसएमई फेस्ट महिला उद्यमियों, निवेशको और उनकी उपलब्धियां हमारे युवाओं के लिए प्ररेणा स्त्रोत बनेंगे यह एक अनूठा अवसर होगा जहां सरकार, विभिन्न उद्योगों सीईओ, उनके सम्भावित उद्यमियों निवेशकों और शिक्षाविदों हिमाचल को आत्मनिर्भर बनाने ले जाने के लिए विचार विर्मश करेंगे।*

बाल विकास

केंद्रीय महिला व बाल विकास विभाग द्वारा बाल विवाह मुक्त भारत अभियान शुरू किया गया है जिसके तहत ऊना जिला में भी लोगों को बाल विवाह पर रोक लगाने के लिए जागरूक किया जा रहा है। इस अभियान का उद्देश्य बेटियों को शिक्षा, स्वास्थ्य और सुरक्षा प्रदान करके उन्हें सशक्त बनाना है।

वर्ष 2030 तक भारतवर्ष को बाल विवाह मुक्त भारत बनाने का संकल्प लिया है। इस संदर्भ मैं जागरूक नागरिक का कर्तव्य है कि बाल विवाह के संभावित मामलों की शिकायत दर्ज करवाएँ और जागरूक समाज यह भी सुनिश्चित करे कि प्रत्येक लड़की शिक्षित, सुरक्षित हो और सपनों को साकार करने के लिए स्वतंत्र हो। । 27 नवंबर 2025 को बाल विवाह मुक्त भारत अभियान का एक वर्ष पूरा हो गया है और अब इसको आगे बढ़ाने के लिए 100 दिन का विशेष अभियान चलाया जा रहा है जो कि 8 मार्च 2026 तक चलेगा।

नोटिस

इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स को नोटिस जारी किया है और उससे ग्रोक एआई से अश्लील सामग्री हटाने को कहा है। सूत्रों के अनुसार, सरकार ने अश्लील सामग्री बनाने और साझा करने के लिए ग्रोक एआई के दुरुपयोग पर चिंता व्यक्त है। एक्स के इंडिया ऑपरेशन के मुख्य अनुपालन अधिकारी को लिखे पत्र में मंत्रालय ने कहा है कि उपयोगकर्ता ग्रोक एआई सेवा का दुरुपयोग करके फर्जी खाते बना रहे हैं और महिलाओं की अश्लील तस्वीरें या वीडियो अपमानजनक या भद्दे तरीके से होस्ट, जेनरेट, प्रकाशित या साझा कर रहे हैं। इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय ने चेतावनी दी है कि नियमों का अनुपालन न करने को गंभीरता से लिया जाएगा और इस सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

कांग्रेस –नियुक्ति

अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी ने प्रदेश के 11 संगठनात्मक जिलों में अध्यक्षों की नियुक्ति कर दी है। संगठन के राष्ट्रीय महासचिव के.सी. वेणूगोपाल ने कल देर शाम इस संबंध में अधिसूचना जारी की की है। यह नियुक्तियां तत्काल प्रभाव से लागू कर दी गई हैं। अभी किन्नौर जिला और शिमला ग्रामीण के अध्यक्ष की नियुक्ति की जानी शेष हैं।

मौसम

पिछले दिनों हुई बर्फबारी व बारिश के बाद प्रदेश में शीतलहर बढ़ गई है। राज्य के पांच जिलो किन्नौर, लाहौल–स्पिति, चंबा, कुल्लू व शिमला के कुछ क्षेत्रों में न्यूनतम तापमान शून्य से नीचे चला गया है। पिछले 24 घंटों में लाहौल–स्पिति जिले के ताबो में सबसे कम तापमान माइनस 6 दशमलव 6 दर्ज किया गया। उधर मंडी, बिलासपुर, सिरमौर व कांगड़ा के कई क्षेत्रों में सुबह व शाम घना कोहरा पड़ रहा है। मौसम विभाग ने घने कोहरे को लेकर इन 4 जिलों के लिए छह जनवरी तक के लिए यलो अलर्ट  जारी किया है। वहीं विभाग के अनुसार प्रदेश में अगले 3 दिन तक मौसम साफ बने रहने का पूर्वानुमान है।

————————————————————